आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 16.06.2024

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- पौड़ी जिले में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु, 12 अन्य घायल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया।
- गंगा दशहरा पर्व पर स्नान के लिए हरिद्वार के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड़ी।
- आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में 55 लाख 68 हजार कार्ड बनाए गये, 11 लाख से अधिक लाभार्थी हुए लाभान्वित।
- राजधानी देहरादून समेत पूरे प्रदेश में आज भीषण गर्मी महसूस की गयी, मौसम विभाग के अनुसार कल से प्रदेश में कहीं–कहीं बारिश की संभावना।

दुर्घटना

पौड़ी जिले में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मृत्यु हो गयी है, जबकि 12 अन्य घायल हो गये हैं। आज सुबह खिर्सू विकासखंड के कठुली मोटर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु हो गयी है, जबकि तीन अन्य घायल हो गये हैं। गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया है। अन्य घायलों का इलाज श्रीनगर बेस अस्पताल में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से यह दुर्घटना हुई है। वहीं, सतपुली के नजदीक कुल्हाड के पास एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से नौ लोगों के घायल होने की खबर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया है। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स ऋषिकेश में गंभीर रूप से घायलों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उधर, ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में कल हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या 15 पहुंच गई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल अन्य यात्रियों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

गंगा दशहरा

प्रदेश में आज गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तीर्थनगरी हरिद्वार में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। देश के कई राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर पुण्य की डुबकी लगाई। पंडित देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री ने बताया कि गंगा दशहरा पर्व पर गंगा स्नान करने से दस प्रकार के पापों का नाश हो जाता है। इस दिन दस प्रकार की वस्तुओं का दान करने का भी महत्व है। श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध–तर्पण आदि कर्म भी किए। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर पितरों के निमित्त कर्म करने से उनको सद्गति की प्राप्ति होती है।

उधर, उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम में गंगा दशहरा के मौके पर गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से राजा भगीरथ की मूर्ति को मां गंगा की डोली पर रखकर मंदिर परिसर से गंगा घाट तक झांकी निकाली गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। मान्यता है कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा पवित्र तीर्थ गंगोत्री धाम में अवतरित हुई थी। इसके बाद इस तिथि को गंगा दशहरा पर्व के रूप में मनाया जाता है।

## पानी और पर्यावरण

शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि हमें आने वाली पीढ़ी के लिए जल और पर्यावरण बचाना होगा। श्री अग्रवाल ने आज उत्तरकाशी जिले में जल संरक्षण अभियान के तहत बग्याल गांव में आयोजित ''जल उत्सव'' कार्यक्रम में ये बात कही। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से पौधारोपण और बीज बम फेंककर जल व पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए शहरी विकास मंत्री ने कहा कि इसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है और हमें इस दिशा में गहराई से सोचना होगा। उन्होंने लोगों से भविष्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और जल और पर्यावरण बचाने की मुहिम में शामिल होने का भी आह्वान किया।

## जल संरक्षण अभियान

जल संरक्षण अभियान के तहत टिहरी जिले के ग्राम पंचायत नैल में जिला स्तरीय जल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टिहरी के विधायक किशोर उपाध्याय ने पहाडों, जंगलों और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंसा और प्रयास तभी सफल होंगे जब स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए काम होगा। उन्होंने कहा कि हिमालय से निकलने वाली नदियों से 60 करोड़ लोगों को पीने का पानी मिलता है इसलिए हमें हिमालय के संवर्धन के लिए प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि बढते तापमान और घट रहे जलस्त्रोतों से पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए चैकडेमो का निर्माण किया जा रहा है।

## आयुष्मान योजना

प्रदेश में अब तक 55 लाख 68 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जिसमें से 11 लाख 69 हजार से अधिक लोग आयुष्मान योजना का लाभ उठा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि आयुष्मान कार्ड से प्रदेश के लोगों को लाभ मिल रहा है। योजना का लाभ सभी को मिले इसके लिए दिशा–निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कार्ड बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर दिव्यांगजनों को योजना में शामिल किया जा रहा है।

## नये कानून

देशभर में तीन नए आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई, 2024 से लागू होंगे। इन कानूनों को भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लाया गया है। देशभर के साथ ही प्रदेश में भी कानून को लागू करने की तैयारियां शुरू हो चुकी है। इसके लिए पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश के अपराध एवं कानून व्यवस्था के अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आगामी 15 दिन में प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी जिला प्रभारी एक जुलाई से पहले होने वाले आयोजनों की मॉक ड्रिल कर पूरी तैयारी कर लें। अपर पुलिस महानिदेशक ने सभी जिला प्रभारियों को सभी थाना स्तर पर सीएलजी, ग्राम सुरक्षा समिति, अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के भी निर्देश दिए।

## परीक्षाफल सुधार परीक्षा

उत्तराखंड बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए परीक्षाफल सुधार परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह जानकारी देते हुए विद्यालयी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि परीक्षाएं 18 जुलाई से 24 जुलाई तक होंगी। वहीं यूजीसी नेट परीक्षा के कारण इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की 18 जून को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी गई है। देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि स्थगित परीक्षा 23 जून को होगी।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस जून को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की यह एक सौ 11वीं कडी होगी और श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहला कार्यक्रम होगा। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर– 1 8 0 0 1 1 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई गव ओपन फोरम पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जा सकता है।

## जंगल आग

गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रदेश में जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। राज्य के जंगलों में आग फैलने का मुख्य कारण पिरूल बताया जा रहा है। अल्मोड़ा जिले के रानीखेत कैंट क्षेत्र के चाइना व्यू आरक्षित वन क्षेत्र में लगी आग आवासीय मकानों की ओर बढ़ रही है। बीती रात लगी आग को बुझाने में वन कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वन विभाग और कैंट वन के कर्मचारी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। कैंट बोर्ड के रानीखेत में तैनात वन क्षेत्राधिकारी कमल फर्त्याल ने बताया कि रानीखेत कैंट क्षेत्र का 1 हजार 46 हेक्टेयर आरक्षित वन क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा जल चुका है। वहीं, जिले के बिनसर अभ्यारण्य के जंगल में लगी आग को बुझा दिया गया है। वायु सेना के विंग कमांडर शैलेश सिंह ने बताया कि आग बुझाने के लिए कल दो हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टरों की मदद से उन स्थानों पर आग बुझाई गई जो आबादी की ओर बढ़ रही थी।

मौसम

राजधानी देहरादून समेत पूरे प्रदेश में आज भीषण गर्मी महसूस की गयी। मैदान से लेकर पहाड़ तक आज तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। तापमान में वृद्धि को देखते हुए लोगों को दिन के समय अनावश्यक बाहर ना जाने की सलाह दी गयी है। बाहर जाने पर सर को ढ़क कर और समय–समय पर छाव में रहने को कहा गया है। साथ ही ठण्डे पदार्थों और पानी का अधिक से अधिक सेवन करने को कहा गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कल से बारिश की आशंका जताई है। 18 जून को ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार जिलों के अलावा अन्य जिलों में बारिश के आसार हैं। जबकि 19 और 20 जून को पूरे प्रदेश में तेज हवाओं और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।